प्रेस-विज्ञप्ति 22.01.2024

मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ़ उत्तर प्रदेश द्वारा (अयोध्या में) प्रभु श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान समारोह की शुभ मंगल बेला पर आज दिनाँक 22.01.2024 को प्रातः 11:00 बजे से मध्यान्ह बेला तक लगातार चैम्बर द्वारा प्रसाद- भोजन व गजक वितरण का आयोजन किया गया।

देश के भावी-अलौकिक नवइतिहास व नवसृजन के अवसर पर आज दिनांक 22 जनवरी, 2024 को चैम्बर द्वारा (अयोध्या से) प्रभु श्रीराम मंदिर में प्रभु श्री राम विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सजीव प्रसारण हेतु चैम्बर प्रांगण के बाहर आमजन हेतु LED वॉल की व्यवस्था की गयी थी। LED वॉल की सुविधा से आमजन ने प्रभु श्री राम-लला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के सजीव प्रसारण का लुत्फ़ उठाते हुए श्री राम विग्रह का दर्शन किया और प्रसाद पाकर श्री राम कृपा से लाभान्वित हुए।

इस अवसर पर मर्चेंट्स चैम्बर की वीमेन एंटरप्रेनर कमिटी की एडवाइजर श्रीमती वर्षा सिंघानिया जी ने स्वयं उपस्थित होकर प्रसाद- भोजन व गजख को आमजन में वितरित कर जय श्री राम के उद्‌घोष के साथ हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

चैम्बर की लोकेशन पर लगभग 1100 (से अधिक) श्रद्धालुओं को प्रसाद-भोजन व 1250 गजक का दिल खोलकर आनंद लिया व (प्रभु) जय श्री राम के नारे लगाकर चैम्बर प्रांगण को गुंजायमान किया।

आपसे निवेदन है कि चेंबर द्वारा प्रभु श्रीराम काज में चैम्बर द्वारा किये गए इस प्रयास को अपने प्रतिष्ठित समाचार-पत्र में स्थान देने की कृपा करें।

धन्यवाद
सचिव - मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश